देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

(A Digital Media Initiative to promote Accountability)

रेफरेंस संख्या –2022/rpba/34 E-Newsletter, Issued in Public Interest गुरुवार, 26 मई 2022

मालवीय नगर ज़ोन में राम राज्य की शुरुआत!!!

मालवीय नगर ज़ोन को मुकेश मुंड के रूप में मिला ईमानदार,कर्मठ और निष्ठावान उपायुक्त!!!

मालवीय नगर में अवैध बिल्डिंगे बनाने वाले भूमाफियाओं और बिल्डरों में मची खलबली!!!

फूलमाला,मिठाई के डब्बे लेकर आने वाले भूमाफियाओं,बिल्डरों को दिखाया बाहर का रास्ता!!!

नियमों से बनने वाली बिल्डिंगे ही कर सकेगी अपना सिर ऊंचा, अवैध होंगी ज़मींदोज़!!!

भाग-1

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

मालवीय नगर ज़ोन को मुकेश मुंड के रूप मे मिला ईमानदार,कर्मठ और निष्ठावान उपायुक्त!!!



लगता है मालवीय नगर ज़ोन मे जल्दी ही राम राज्य आना वाला है क्यूंकी अब नगर निगम जैसे भ्रष्ट विभाग मे,जिसे लोग नरक निगम कहने से भी नहीं चूकते,मे मुकेश मुंड जैसे ईमानदार,कर्मठ और निष्ठावान उपायुक्त की एंट्री जो हुई है|

पिछले कई सालो से इस ज़ोन मे भ्रष्टाचार और मिलीभगत के चलते अवैध बिल्डिंगे बनाने वाले भूमाफियाओं और बिल्डरों की पौ बारह हुई पड़ी थी|जिसके चलते चाट वाले,सटोरिये,सब्जी वाले,फल वाले,खिलौने वाले तक अपना मूल धंधा छोड़कर बिल्डर बन गए थे|और कुछ ही दिनो मे अवैध बिल्डिंगे बनाकर ऑडी,मर्सडीज़ जैसी महंगी गाडियाँ मेंटेन करने लग गए थे|

लेकिन अब नए साहब के आने से इन लोगो मे खलबली मची हुई है और ऐसे लोग अब अपना मूल धंधा वापस करने की सोचने लगे है|

हुआ यूं कि जैसे ही नए साहब ने मालवीय नगर मे अपनी कुर्सी संभाली,उनके चेम्बर मे ऐसे बिल्डरों और भूमाफियाओं की लाइन लग गयी|कोई फूलमाला लेकर आ रहा था और महंगी मिठाइयाँ और गिफ्ट पैक के डब्बे लेकर|लेकिन सूत्रों का कहना है कि बंद कमरे मे साहब ने इन बिल्डरों और भूमाफियाओं के साथ कुछ कुछ वही बर्ताव किया जो कि जंजीर फिल्म मे अमिताभ बच्चन अपने सह-कलाकार प्राण के साथ करते है|

पूरे जोश के साथ कमरे मे घुसने वाले बिल्डर और भूमाफिया जब उनसे मुलाक़ात कर, कमरे से बाहर निकले तो उनकी सिट्टी-पिट्टी गुम हुई पड़ी थी|क्यूंकी साहब ने इन बिल्डरों और भूमाफियाओं के साथ साथ अपने माताहतों को भी सख्त लहजे मे निर्देश दे दिये कि उनके रहते ईमानदारी से और नियम से बिल्डिंगे बनाने वालों को एक पैसा रिश्वत का देने की जरूरत नहीं है और अवैध बनने वाली बिल्डिंगों को कतई बक्शा नहीं जाएगा और हर हालत मे इन्हे ज़मींदोज़ किया जाएगा|

साहब से मिलकर निकलने वाले अब हर उस शक्स को रात मे बुरे-बुरे सपने आ रहे है,जो अवैध बिल्डिंगे बनाकर,जल्दी से करोड़पति होने की सोच रहे थे|सबसे बुरा हाल तो उन लोगो का है,जो अपना मोटा पैसा लगाकर आधी से ज्यादा बिल्डिंग का काम पूरा कर चुके है,या उनकी अवैध बिल्डिंग की फिनिशिंग का काम चल रहा है|वहीं ईमानदारी से नक्शे पास करवाकर,नियमों से बिल्डिंगे बनाने वाले बिल्डरों मे खुशी की लहर व्याप्त हो गयी है|

यह भी सुनने ले आया है कि राजनैतिक पहुँच लगाकर,इन साहब को दबाने/हटवाने की भी कोशिश की जा रही है|लेकिन साहब की ईमानदारी और कर्मठता के किस्से सुनकर,ईमानदार बिल्डरों के साथ साथ इन बिल्डरों और भूमाफियाओं के आतंक से त्रस्त स्थानीय जनता भी उनके समर्थन मे आने लगी है और साहब का विरोध करने वालों को मुंह तोड़ जवाब भी दे रही है|

देखना यह है कि अब नए साहब की सोच कामयाब होती है या अवैध बिल्डिंगे बनाने वाले बिल्डरों के नापाक इरादे!!!!!